Dainik Bhaskar05 (Indore), 23rd September 2026, Page - 05

'नेकी की दीवार' में जरूरतमंदों को बांटे कपड़े, सफाई अभियान चलाया



इंदौर| स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत आईआईटी इंदौर ने केवल परिसर तक सीमित न रहकर सामाजिक सरोकार से जुड़ी कई ठोस पहल की हैं। 19 से 22 सितंबर तक चले कार्यक्रमों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा दिया गया। संस्थान के अवाना क्लब ने 'नेकी की दीवार' के तहत उपयोग करने लायक पुराने कपड़े इकट्ठा कर जरूरतमंदों को बांटे। आईआईटी की टीम ने गजिंदा शासकीय विद्यालय में सफाई अभियान चलाया। चित्रकला प्रतियोगिता व पौधारोपण भी हुआ। अभियान के अंतिम दिन सिमरोल स्थित कजलीगढ़ किले पर सफाई की गई। इसका उद्देश्य सार्वजनिक व पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता बनाए रखने के प्रति जागरूकता फैलाना था।